# कार्यालय अधिशाषी अभियंता सा.नि.वि. खण्ड झालावाड़

## संक्षिप्त परियोजना रिपोर्ट

| | | |
|---|---|---|
| 1. | योजना | |
| 2. | परियोजना का नाम | कोलाना हवाई पट्टी का विस्तार एवं विकास कार्य |
| 3. | कुल प्रस्तावित क्षेत्रफल | 202.1386 हेक्टर |
| 4. | प्रस्तावित वन भूमि का क्षेत्रफल | 120.4062 हेक्टर |
| 5. | स्वीकृत लागत | 169.11 करो़ड़ |
| 6. | परियोजना रिपोर्ट | कोलाना हवाई पट्टी की वर्तमान लम्बाई 1700 मीटर है जिसको 3000 मीटर किया जाना प्रस्तावित है जिस पर एयरबस 320 लैण्ड की जा सके एवं कॉमर्शियल विमान सेवा चालू की जा सकें झालावाड़ में विमान ठीक करने का कारखाना भी डाला जा रहा है जिसमें सभी प्रकार के विमान (एयर क्राफ्ट) ठीक होने आयेंगे इसलिये यहाँ पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का हवाई अड्डा आवश्यक है। जिस पर सभी तरह के विमान लैण्ड किये जा सके । एवं उनको खड़ा करने के लिये टैक्सी वे एवं एप्रन तथा हैंगर आवश्यक होंगे। झालावाड़ में कई औद्योगिक ईकाईयाँ लग चुकी हैं एवं कई लगने की प्रक्रिया में है। इसलिये यहाँ पर औद्योगिक इकाईयों का ट्रेफिक भी विकसित हो रहा है। झालावाड़ में गागरोन दुर्ग, कॉल्वी की ऐतिहासिक गुफाऐं एवं झालरापाटन का सूर्य मन्दिर ऐतिहासिक धरोहर है। जिस पर पर्यटको का आवागमन बना रहता है एवं मुकन्दरा टाईगर हिल्स में शीघ्र ही बाघों का संरक्षण होना है। जिससे यहाँ पर पर्यटक आने की काफी संभावनाऐं बढ़ गई है। इसलिये झालावाड़ में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का हवाई अड्डा प्रस्तावित किया गया है। झालावाड़ से कोटा फोरलेन सड़क का निर्माण प्रगति पर है। इसके पूर्ण होने के उपरान्त कोटा से झालावाड़ एयरपोर्ट का एक घण्टे का रास्ता रह जायेगा। |

इसलिये कोटा औद्योगिक एवं शैक्षणिक नगर का वायुयान का ट्रेफिक भी झालावाड़ में विकसित हो रहा है। झालावाड़ शहर में सभी प्रकार की उच्च शैक्षणिक संस्थाऐं जैसे मेडिकल कॉलेज, इंजिनियरिंग कॉलेज, हॉर्टिकल्चर कॉलेज एवं अन्य संस्थाओं के विद्यार्थी एवं शैक्षणिक अधिकारी भी झालावाड़ आते रहते है। एवं झालावाड़ से 35 कि.मी. दूर एवं हवाई अड्डे से 28 कि.मी. दूर खानपुर कस्बे में चांदखेड़ी जैन अतिशेय क्षेत्र होने की वजह से पूरे भारत के जैन धर्मावलम्बी यहाँ पर आते रहते है। इसलिये इन सब कारणों की वजह से यहाँ पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का हवाई अड्डा प्रस्तावित किया गया है। एवं यात्रीयों की सुविधा के लिये टर्मिनल स्टेशन बनाया जाना प्रस्तावित है एवं स्टॉफ के लिये कालोनी का निर्माण प्रस्तावित है एवं प्लेन खड़े करने के लिए एप्रन का निर्माण एवं हैंगर का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है एवं टैक्सी वे का निर्माण किया जायेगा। इस भूमि को एयर स्ट्रीप में काम में लेने पर पुलिस थाना शिफ्टिंग मेगा हाइवें शिफ्टिंग एवं जी.एस.एस. व विद्युत लाइनों की शिफ्टिंग का कार्य भी शामिल है।

**अधिशाषी अभियंता**
**सा.नि.वि. खण्ड झालावाड़**